# प्रतिवेदन (औचित्य प्रमाण पत्र)

परियोजना का नामः– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत गंगनानी से भंगेली मोटर मार्ग (2.30किमी0) के निर्माण हेतु सिविल सोयम भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। (कुल वन भूमि 1.316है0)

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत जनपद उत्तरकाशी के भटवाडी ब्लाक में ग्राम भंगेली कोड संख्याः– 66700 जनसंख्या 475 (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु गंगनानी से भंगेली 2.300 किमी0 लम्बाई में मोटर मार्ग, का निर्माण किया जाना है। इस हेतु ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून के पत्र संख्याः–1414 / पी03–14 / यू.आर.आर.डी.ए. / 14,दिनांक–07 अक्टूबर 2014 द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में इस गांव हेतु एक मात्र पैदल मार्ग ही उपलब्ध है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन, स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू उपयोग की सामग्री के ढुलान हेतु अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व गांव की पैदा होने वाली नकदी फसल को बाजार तक न पहुॅचने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। मोटर मार्ग न होने के कारण असमय बीमार होने वाले ग्रमीणो के चिकित्सीय उपचार न मिलने के कारण जान माल का खतरा बना रहता है । ग्रमवासियों की मांग पर उनकी समस्या को देखते हुये उपरोक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है ।

मोटर मार्ग निर्माण हेतु किमी 0.00 से 2.300 तक कुल आरक्षित वन भूमि 0.00 है0 ,सिविल वन भूमि 1.316 है0 (**1810मी0 X 7मी0= 1.267 है0**) एवं डम्पिग हेतु (**70मी0 X 7 मी0=0.049है0**) तथा (**मोटर मार्ग हेतु 0.441 है0 एवं डम्पिग हेतु 0.080है0**) कुल **0.521है0** नाप भूमि में निर्मित होकर भंगेली तक निर्मित किया जायेगा।

अतः मोटर मार्ग निर्माण में पड़ने वाली सिविल वन भूमि हस्तान्तरण, वृक्षों के पातन आदि के लिए यह प्रस्ताव स्वीकृति हेतु गठित किया गया है।

सहायक अभियन्ता,
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
सिंचाई खण्ड,उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता,
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
सिंचाई खण्ड,उत्तरकाशी

वन क्षेत्राधिकारी
टकनौर वन रा‍जि
भटवाड़ी

उप जिलाधिकारी
भटवाड़ी,उत्तरकाशी

उप जिलाधिकारी

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी